# बेलव्यू उपयोगी सेवा दर में छूट - 2021

450 110TH Ave NE
P.O. Box 90012, Bellevue, WA 98009-9012 वेब: bellevuewa.gov/UtilityRelief
फ़ोन: 425-452-5285 ईमेल: UtilityRelief@bellevuewa.gov
अनुरोध करने पर भाषा लाइन सहायता प्रदान की जाती है। TTY रिले: 711

## उपयोगी सेवा दर में छूट के लिए दिशानिर्देश

नोट: यदि आपका उपयोगी सेवाओं का खर्च आपके किराए में शामिल है या किसी तृतीय-पक्ष को उसका भुगतान किया जाता है, तो ऊपर नोट की गई वेबसाइट पर जाएं या 2021 उपयोगी सेवा दर में *छूट* आवेदन पैकेट प्राप्त करने के लिए Bellevue Utilities को कॉल करें।

## 1. प्रोग्राम का वर्णन

बेलव्यू सिटी उन वरिष्ठ नागरिकों और स्थायी विकलांगता वाले निवासियों को दर राहत सहायता की पेशकश करती है जो Bellevue Utilities के सेवा क्षेत्र में रहते हैं जो विशिष्ट निम्न-आय दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। जो निवासी सीधे बेलव्यू सिटी को अपने बिलों का भुगतान करते हैं, वे इस प्रोग्राम के पात्र बनकर 2021 पानी, अपशिष्ट जल और जल निकासी सेवाओं (दो महीने में एक बार 11 CCF पानी और अपशिष्ट जल सेवा शुल्क तथा 10,000 $ft^2$, एक मध्यम-विकसित वर्ग, तक जल निकासी सेवाएं) के मूलभूत खर्च पर 70% छूट प्राप्त कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें: कुछ शुल्क, जैसे कैपिटल रिकवरी चार्ज (CRCs) और डायरेक्ट फैसिलिटी कनेक्शन चार्ज (DFCCs), में छूट नहीं मिल सकती। निवासियों को इस प्रोग्राम में अपनी सहभागिता के लिए आवेदन या वार्षिक तौर पर उसे नवीनीकृत करना होगा। मंज़ूर किए गए निवासी, सिटी को भुगतान किए जाने वाले यूटिलिटी पेशा टैक्स पर छूट के लिए भी योग्य हो सकते हैं। दिसंबर 2021 के अंत में सिटी द्वारा टैक्स छूट के चेक भेजे जाएंगे। इसके अलावा, बेलव्यू सिटी में रहने वाले स्वीकृत निवासी भी कचरा सेवा के लिए दर में छूट के भी पात्र हैं। कचरा बिल में छूट Republic Services, Inc. द्वारा लागू की जाती है, जो सिटी का ठोस अपशिष्ट एकत्रीकरण विक्रेता है।

**नोट**: प्रोग्राम उपलब्ध रकम पर आधारित हैं और किसी भी समय सूचना के बिना उन्हें बदला जा सकता है।

## 2. आवेदन की समयसीमा

आपका भरा गया आवेदन और सभी आवश्यक दस्तावेज़ City of Bellevue Utilities को {f1/}**शुक्रवार, 29 अक्तूबर, 2021** को, शाम 4:00 बजे, तक या उससे पहले मिल जाने चाहिए

## 3. 2020 की छूट की समाप्ति

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी छूट किसी रुकावट के बिना जारी रहती है, आपका आवेदन और आवश्यक दस्तावेज़ **30 अप्रैल, 2021 तक मिल जाने चाहिए।** यदि आपका आवेदन 30 अप्रैल, 2021 के बाद प्राप्त होता है, तो आपकी छूट रद्द कर दी जाएगी। आपका नया आवेदन स्वीकार होने और उस पर प्रक्रिया होने के बाद, आपकी छूट लागू की जाएगी, और आपके अकाउंट में रकम वापस जमा कर दी जाएगी.

## 4. योग्यता से जुड़ी शर्तें

आवेदकों के लिए निम्न ज़रूरी है:

- निम्न-आय वाले वरिष्ठ नागरिक 2021 में जिनकी आयु 62 वर्ष या उससे अधिक हो, (या)
- 2021 में सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थापन और वयोवृद्ध प्रशासन जैसे किसी सरकारी कार्यक्रम से विकलांगता लाभ प्राप्त करने वाले निम्न-आय वाले स्थायी रूप से विकलांग व्यक्ति; और
- 2021 में सेवाएं प्राप्त करने वाले पते पर रहना। आवेदक का मुख्य निवास City of Bellevue Utilities के सेवा क्षेत्र के अंदर होना आवश्यक है।
- वह नीचे दिए परिवार की आय* दिशानिर्देश पूरा करता हो:

| 2020 में घर के सदस्यों की संख्या | 2020 के लिए परिवार की कुल आय* |
|---|---|
| 1 व्यक्ति | 41800 |
| 2 व्यक्ति | 47800 |
| 3 व्यक्ति | 53750 |
| 4 व्यक्ति | 59700 |

**अगले पृष्ठ पर जारी** ➡

| | |
|---|---|
| 5 व्यक्ति | 64500 |
| 6 व्यक्ति | 69300 |

* आय का मतलब "प्रयोग करने योग्य उपलब्ध आय", जैसा RCW 84.36.383 में परिभाषित किया गया है, और सभी विकलांगता मुआवज़े और कोई भी उपहार है। परिवार की कुल आय 2020 के दौरान घर में रहने वाले हर व्यक्ति की कुल आय है। आगे "आवेदन कैसे करें" सेक्शन में आय और आवश्यक दस्तावेज़ों के उदाहरणों का वर्णन किया गया है।

## 5. आवेदन कैसे करें

आपको पहचान, निवास, आय और विकलांगता (यदि लागू हो) के आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ *2021 उपयोगी सेवा दर में छूट आवेदन-पत्र* भरकर भेजना होगा। आवेदन-पत्र bellevuewa.gov/utilityrelief पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं या आवेदन-पत्र का अनुरोध करने के लिए Bellevue Utilities को 425-452-5285 पर कॉल करें।

**आपको आवेदन पैकेज मिलने के बाद, अगले चरण हैं:**

1. नीचे दी गई आवश्यक दस्तावेज़ सूची में से ज़रूरी दस्तावेज़ एकत्रित करें।
2. आवेदन पूरा करें। "महत्वपूर्ण जानकारी" कथन पढ़ें, आवेदन पर हस्ताक्षर करें और तारीख लिखें.
   नोट: यदि आप किसी आवेदक के लिए हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो आपको ऐसा करने का अधिकार देने वाली पावर ऑफ अटार्नी की प्रति प्रदान करनी होगी।
3. भरा गया और हस्ताक्षर किया गया आवेदन, सभी आवश्यक दस्तावेज़ों की प्रतिलिपियों के साथ, जमा करें। आवेदन पैकेज City of Bellevue Utilities को **शुक्रवार, 29 अक्तूबर, 2021** को, शाम 4:00 बजे, तक या उससे पहले मिल जाने चाहिए। देरी से आने वाले या अधूरे आवेदनों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। समय पर प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने आवेदन जल्दी भेजें। इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के दो तरीके हैं:

- डाक द्वारा – आप डाक द्वारा आवेदन कर सकते हैं। कृपया आवेदन पर हस्ताक्षर करें और तारीख लिखें तथा अपने कागज़ात लौटाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज़ों की प्रतिलिपियों को शामिल करें। अधूरे आवेदन फ़ॉर्म या वे जिनमें दस्तावेज़ नहीं होते आपके आवेदन पर प्रक्रिया करने में देर करेंगे। कृपया इस पैकेट के साथ शामिल किए गए वापसी लिफ़ाफ़े में अपने कागज़ात भेजें।
- इलेक्ट्रॉनिक तरीके से - आप UtilityRelief@bellevuewa.gov पर ईमेल करके और किसी सुरक्षित फ़ोल्डर, जहाँ आप अपना स्कैन किए गए दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं, तक पहुँच के लिए अनुरोध करके इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। कृपया अपने दस्तावेज़ ईमेल न करें।

आवेदन जमा करना प्रोग्राम के लिए पात्रता की गारंटी नहीं है। पूर्ण दस्तावेज़ों के बिना जमा किए गए आवेदनों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती।

## 6. {B1}आवश्यक दस्तावेज़ आपके हस्ताक्षर किए गए आवेदन फ़ॉर्म के साथ निम्न की फ़ोटोकॉपियाँ प्रदान की जानी चाहिए:

**A.** घर के हर सदस्य के लिए 2020 की आय का प्रमाण। कृपया 2020 में अपने साथ रहने वाले हर व्यक्ति के लिए 2020 के भरे गए और हस्ताक्षर किए गए टैक्स रिटर्न(रिटर्न्स) तथा 2020 के अन्य विवरण/दस्तावेज़ों* और आय के उन सभी स्रोतों की फ़ोटोकॉपियाँ प्रदान करें जो 2020 के दौरान आपके परिवार पर लागू होती हैं। परिवार की आय के कुछ उदाहरणों में निम्न शामिल हैं, लेकिन उन तक सीमित नहीं हैं:

- वेतन/मेहनताना/टिप्स, आदि। *(W-2)*
- ब्याज और डिविडेंड *(1099-INT/1099-DIV)*
- गुज़ारा भत्ता/पति-पत्नी का भरण-पोषण*(स्टेट/DSHS स्टेटमेंट)*
- व्यवसाय से आय, जिसमें शामिल है किराए की संपत्ति से आय और/अथवा सह-किराएदार द्वारा किराए का भुगतान *(1040 + अनुसूची C )*
- पूंजीगत लाभ / हानि *(1040 + अनुसूची D)*
- पेंशन/वयोवृद्ध लाभ/ *वार्षिक वृत्ति (1099-R)*
- *रेलमार्ग सेवानिवृत्ति* लाभ *(RRB-1099)*
- बोरोज़गारी/श्रम और उद्योग *(1099-G)*
- सामाजिक सुरक्षा विवरण *(SSA, SSI, SSDI 1099)*
- उपहार/नकदी
- कार्य अध्ययन आय
- सैन्य वेतन/लाभ
- अन्य

**अगले पृष्ठ पर जारी** ➡

- IRA निकासी *(1099-R)*

** यदि आप वास्तविक स्रोत से आय-संबंधी दस्तावेज़ प्रदान करने में असमर्थ हैं, तो उसके लिए सभी डिपॉज़िट्स के प्रमाण के रूप में 2020 के सभी बैंक विवरण प्रदान करें।.*

**B.** <u>2020 में घर के सभी सदस्यों की पहचान आवश्यक है</u>। 2020 में आपके घर में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए मान्य फोटो पहचान-पत्र आवश्यक है। ID के स्वीकार्य रूपों में शामिल हैं: ड्राईविंग लाइसेंस, WA स्टेट ID कार्ड, पासपोर्ट, या सरकार द्वारा जारी की गई अन्य फोटो ID। 18 वर्ष से कम आयु वाले घर के सदस्यों के लिए, उनके प्रमाणित जन्म प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि प्रस्तुत करें। सामाजिक सुरक्षा कार्ड्स की प्रतिलिपियाँ जमा <u>न</u> करें। कृपया मूल दस्तावेज़ <u>न</u> भेजें क्योंकि हम उन्हें वापस नहीं कर सकते या उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। नोट: **समाप्त हो चुका आई.डी. स्वीकार नहीं किया जाएगा**.

**C.** <u>बेलव्यू के सेवा क्षेत्र में 2021 मुख्य निवास का प्रमाण आवश्यक है</u>। राहत के पात्र व्यक्ति का नाम City of Bellevue Utilities के उस अकाउंट में होना चाहिए जिसके लिए राहत का अनुरोध किया गया है, छूट प्रभावी होने की अवधि में उसे हर समय उस घर में रहना होगा, और स्वयं अपने संसाधनों से उपयोगी सेवा शुल्क के भुगतान में योगदान देना होगा।

**D.** <u>यदि स्थायी रूप से विकलांग हैं, तो विकलांगता 2021 पारितोषिक और आय का प्रमाण आवश्यक है</u>। यदि आप या आपके घर का कोई अन्य सदस्य स्थायी रूप से विकलांग है, तो आपको सामाजिक सुरक्षा और/या वयोवृद्ध प्रशासन की ओर से लाभ सत्यापन पत्र प्रदान करना होगा, जिसमें विशेष रूप से यह बताया गया हो कि प्राप्तकर्ता 2021 में "विकलांगता" राशि का हकदार है <u>और</u> उसे प्राप्त कर रहा है। 2020 के दौरान प्राप्त हुए विकलांगता आय भुगतानों के दस्तावेज़ भी ज़रूरी हैं।

## 7. आवेदन जमा करने के बाद

कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें:

- आवेदन जमा करने की अत्यधिक संख्या के कारण प्रोग्राम की शुरुआत में आवेदन पर प्रक्रिया करने में 10 सप्ताह से अधिक समय लग सकता है।
- सभी आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ पूरा आवेदन प्रदान करने से प्रक्रिया जल्दी करने में मदद मिलती है।
- यदि आपका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है, तो आपको सूचित किया जाएगा।
- योग्य आवेदक अपना आवेदन स्वीकार होने और उस पर प्रक्रिया होने के बाद अपने उपयोगी सेवा बिल पर लागू की गई उपयोगी सेवा दर में छूट देखेंगे। यदि लागू हो, तो कचरा सेवा दर में छूट लागू करने के लिए Republic Services, Inc.को सूचित किया जाएगा।
- यदि आवेदक पूरे वर्ष यूटिलिटी रेट रिलीफ प्रोग्राम में बना रहता है, तो 2021 की टैक्स छूट पर *अतिरिक्त कागज़ी कार्य के बिना* अपने आप प्रक्रिया की जाएगी। <u>दिसंबर 2021</u> में टैक्स छूट के चेक भेजे जाएंगे.

Utilities Department, पात्रता और प्रोग्राम की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए किसी भी आवेदन-पत्र या नवीनीकरण को ऑडिट करने या अतिरिक्त जानकारी की मांग करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विभाग ऐसे किसी भी आवेदन-पत्र या नवीनीकरण को अस्वीकार कर सकता है, जिसमें तथ्यों को गलत या तोड़-मरोड़कर पेश किया गया हो या दर राहत के लिए पात्रता को रद्द कर सकता है, जो धोखे से या तथ्यों को गलत या तोड़-मरोड़कर पेश करके, या किसी ऑडिट का अनुपालन करने से इनकार करके प्राप्त की गई थी। धोखे से या तथ्यों को गलत या तोड़-मरोड़कर पेश करने के परिणामस्वरूप, अदा किए कोई भी फंड या छूट दी गई दरों में अंतर की राशि, आवेदक को सिटी को वापस करनी होगी। सिटी उक्त फंड्स को वापस लेने के लिए आवश्यक कोई भी कानूनी कदम उठा सकती है। **नोट: यदि पते में बदलाव होता है तो आवेदकों को Bellevue Utilities को तुरंत सूचित करना होगा।**

वैकल्पिक प्रारूपों, दुभाषियों, या वाजिब सुविधा अनुरोधों के लिए कम से कम 48 घंटे पहले 425-452-5285 (वार्तालाप) पर फोन करें या <u>UtilityRelief@bellevuewa.gov</u> पर ईमेल करें। सुविधा से संबंधित शिकायतों के लिए, सिटी बेलव्यू ADA/शीर्षक VI एडमिनिस्ट्रेटर से 425-452-6168 (वार्तालाप) पर संपर्क करें। यदि आपको सुनने संबंधी विकार या सुनने में परेशानी है तो 711 डायल करें। सभी मीटिंगों के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध होती है।

# बेलव्यू उपयोगी सेवा दर में छूट आवेदन - 2021

450 110TH Ave NE
P.O. Box 90012, Bellevue, WA 98009-9012 वेब: bellevuewa.gov/UtilityRelief
फ़ोन: 425-452-5285 ईमेल: UtilityRelief@bellevuewa.gov
अनुरोध करने पर भाषा लाइन सहायता प्रदान की जाती है। TTY रिले: 711

**OFFICE:**
Date Rec'd: ____________
Date Complete: ________
Signature: ______________

**OFFICE USE ONLY**

| | | |
|---|---|---|
| **PIN:** | **INCOME:** | **F or P:** |
| **CIS CYCLE:** | **D or S:** | **BATCH:** |
| **MONTHS (1-12):** | **TAX PRORATION:** | **START DATE EXCEPTION:** |
| | | **DD2** |

**Check:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ____Incl List | ___Signature | ___Disability | ___Income | ___ID/Age | ___Residency |

**1.** आवेदक का कानूनी नाम (प्रिंट): [redacted] [redacted]
**अंतिम नाम** **प्रथम नाम**

**2.** क्या आपकी आयु 62 वर्ष या उससे अधिक है? ☐ हाँ ☐ नहीं जन्मतिथि: [redacted]

**3.** क्या आप बेलव्यू सिटी में पानी के लिए उपयोगी सेवा बिल का भुगतान करते हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
अगर हाँ, तो अकाउंट #______________

यदि नहीं, तो रुक जाएं। आपका आवेदन सही नहीं है। दर में छूट के आवेदन के लिए Bellevue Utilities से संपर्क करें।

**4.** आपके प्राथमिक निवास का पूरा पता ______________________________________________

**5.** मौजूदा डाक पता (यदि अलग है): ______________________________________________________

**6.** फ़ोन (क्षेत्र कोड के साथ):___ ईमेल पता:_________________________________

**7.** क्या आपके पास: ☐ अपना घर/कॉन्डो ☐ किराए का घर/कॉन्डो है

**8.** क्या आप पहले इस प्रोग्राम के पात्र रहे हैं? ☐ हाँ। साल_________ ☐ नहीं।

**9.** क्या आप स्थायी रूप से विकलांग हैं और 2021 में विकलांगता लाभ प्राप्त कर रहे हैं? ☐हाँ ☐नहीं अगर हाँ, तो प्रमाण आवश्यक है।

यदि किसी स्थायी रूप से विकलांग बच्चे की ओर से आवदेन किया जा रहा है, तो क्या विकलांगता लाभ उपयोगी सेवाओं के खर्च के एक हिस्से का भुगतान करते हैं?
☐ हाँ ☐ नहीं

**10.** **2020** में आपके घर में आपके साथ कितने लोग रहते थे? _______ नीचे हर व्यक्ति का नाम प्रिंट करें:

| प्रथम नाम (केवल कानूनी नाम) | अंतिम नाम | जन्मतिथि (mm/dd/yy) | आवेदक के साथ संबंध | स्थायी रूप से विकलांग? हाँ या नहीं (अगर हाँ, तो प्रमाण दें) |
|---|---|---|---|---|
| **A.** | | | | |
| **B.** | | | | |
| **C.** | | | | |
| **D.** | | | | |



अगले पृष्ठ पर जारी ➡

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| E. | | | | |
| F. | | | | |

**11. क्या 2020 के दौरान आपकी या 2020 में आपके घर में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की नीचे दिए गए स्रोतों से कोई आमदनी थी? आपको नीचे दी गई हर आइटम के लिए 'हाँ' या 'नहीं' बॉक्स को चेक करना होगा और उसे सत्यापित करने के लिए* दस्तावेज़ प्रदान करने होंगे।**

| हाँ | नहीं | |
|---|---|---|
| | | वेतन/मेहनताना/टिप्स, आदि *(W-2)* |
| | | ब्याज और डिविडेंड *(1099-INT/1099-DIV)* |
| | | गुज़ारा भत्ता/पति-पत्नी का भरण-पोषण *(राज्य/DSHS विवरण)* |
| | | पूंजीगत लाभ / हानि *(1040 + शेड. D)* |
| | | व्यावसायिक आय, इसमें किराए से आय और/या सह-किरायेदार से किराये के भुगतान शामिल करें *(1040 + शेड. C)* |
| | | IRA निकासी *(1099-R)* |
| | | पेंशन/वयोवृद्ध लाभ/वार्षिक वृत्ति *(1099-R)* |
| | | रेलमार्ग सेवानिवृत्ति लाभ *(RRB-1099)* |

| हाँ | नहीं | |
|---|---|---|
| | | बोरोज़गारी/श्रम और उद्योग *(1099-G)* |
| | | सामाजिक सुरक्षा *(SSA, SSI, SSDI, 1099 विवरण)* |
| | | कार्य अध्ययन आय *(स्कूल संबंधी विवरण)* |
| | | उपहार/नकदी – स्पष्ट करें: |
| | | सैन्य वेतन/लाभ |
| | | 2020 के लिए अन्य आय - स्पष्ट करें: |
| | | क्या आपने/परिवार के सदस्यों ने 2020 की टैक्स रिटर्न फाइल की थी? **सभी अनुलग्नकों के साथ हस्ताक्षरित 1040 की प्रतिलिपि प्रदान करें।** |

* यदि आप किसी वास्तविक स्रोत से आय-संबंधी दस्तावेज़ प्रदान करने में असमर्थ हैं, तो उपरोक्त के लिए सभी डिपॉज़िट्स को दर्शाने वाले 2020 के बैंक विवरण प्रदान करें।

**12.** क्या आप कम आय वाले अतिरिक्त सहायता कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए बेलव्यू सिटी के अन्य विभागों के साथ अपनी जानकारी (नाम और डाक पता)

शेयर करना चाहते हैं?

☐ हाँ ☐ नहीं

**जाँच सूची: अपने आवेदन के साथ इन दस्तावेज़ों की प्रतिलिपियाँ (कोई मूल दस्तावेज़ नहीं) प्रदान करें। आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना आवेदनों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती।**

- ☐ **पहचान** – 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के उन सभी व्यक्तियों के लिए मान्य चित्र पहचान-पत्र जो 2020 के दौरान घर में रहे थे। 18 वर्ष से कम आयु वाले व्यक्तियों के लिए, प्रमाणित जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। **सामाजिक सुरक्षा कार्ड्स की प्रतिलिपियाँ न भेजें। समाप्त हो चुका आई.डी. स्वीकार नहीं किया जाएगा**.
- ☐ **2020 के लिए आय के दस्तावेज़** *(यानि, 2020 की टैक्स रिटर्न्स, विवरण, आदि)* 2020 के दौरान आपके साथ रहने वाले घर के हर सदस्य का संपूर्ण आय का प्रमाण। इसमें हर उस आय का स्रोत शामिल है जिसे प्रश्न 11 में "हाँ" के रूप में चिह्नित किया गया था।
- ☐ **स्थायी विकलांगता का प्रमाण** - यदि लागू हो, तो सामाजिक सुरक्षा और/या VA की ओर से लाभ सत्यापन पत्र प्रदान करें, जिसमें विशेष रूप से यह बताया गया हो कि प्राप्तकर्ता 2021 में "विकलांगता" राशि का हकदार हैऔर उसे प्राप्त कर रहा है। 2020 विकलांगता आय के दस्तावेज़ भी ज़रूरी हैं।

## आवेदन कैसे करें

1. पहचान, निवास, आय, और विकलांगता (यदि लागू हो) के आवश्यक दस्तावेज़ एकत्रित करें। पूर्ण दस्तावेज़ों के बिना जमा किए गए आवेदनों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती।
2. आवेदन-पत्र भरें और "महत्वपूर्ण जानकारी" कथन पढ़ें। आवेदन पर हस्ताक्षर करें और तारीख लिखें।

3. भरा गया आवेदन और दस्तावेज़ City of Bellevue Utilities को **शुक्रवार, 29 अक्तूबर, 2021 को, शाम 4:00 बजे, PST, तक या उससे पहले मिल जाने चाहिए**। देरी से आने वाले या अधूरे आवेदन-पत्रों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। समय पर प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों को उनके आवेदन जल्दी जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आप निम्न तरीकों से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं:

- डाक द्वारा: अपना आवेदन डाक-मेल से भेजें: बेलेव्यू यूटिलिटीज का शहर, PO Box 90012, Bellevue, WA 98009-9012; या
- इलेक्ट्रॉनिक तरीके से: आप UtilityRelief@bellevuewa.gov पर ईमेल करके और किसी सुरक्षित फ़ोल्डर, जहाँ आप अपने स्कैन किए गए दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं, तक पहुँच के लिए अनुरोध करके इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। कृपया अपने दस्तावेज़ ईमेल न करें।

## महत्वपूर्ण जानकारी – कृपया हस्ताक्षर करने से पहले पढ़ें

*मैं, निम्न हस्ताक्षरकर्ता, वॉशिंगटन राज्य की झूठे साक्ष्यों से जुड़े कानूनों की सज़ा के अंतर्गत घोषणा और प्रमाणित करता/करती हूँ कि:*

- **मैंने इस आवेदन के साथ प्रदान किए गए उपयोगी सेवा दर में छूट के लिए सभी 2021 उपयोगी सेवा दर राहत कार्यक्रम दिशानिर्देशों (02/01/2021) को पढ़ा और समझा है, और यह कि मेरे द्वारा इस आवेदन में प्रदान की गई संपूर्ण जानकारी, मेरी पूरी जानकारी के मुताबिक सही, पूर्ण, और सच है।**
- **मैं समझता/समझती हूँ कि आवश्यक दस्तावेज़ जमा करना, प्रोग्राम के लिए पात्रता की गारंटी नहीं है। हालांकि, इस जानकारी का इस्तेमाल यह निर्धारित करने के लिए किया जाएगा कि मैं प्रोग्राम के तहत लाभों का पात्र हूँ या नहीं।**
- **मैं समझता/समझती हूँ कि जो आय संबंधी दस्तावेज़ मैंने प्रदान किए हैं, उनका इस्तेमाल सिटी द्वारा आय वर्कशीट बनाने के लिए किया जाएगा, जिसे आय योग्यता निर्धारित करने के लिए उपयोग किया जाएगा।**
- **मैंने प्रोग्राम के लिए "प्रयोग करने योग्य उपलब्ध आय" की परिभाषा को पढ़ लिया है और मेरी पूरी जानकारी के मुताबिक, मैं और मेरा परिवार प्रोग्राम के पात्र हैं।**
- **मैंने सिटी को 2020 के लिए "प्रयोग करने योग्य उपलब्ध आय" की सही और सटीक सूची प्रदान की है।**
- **मैं समझता/समझती हूँ कि छूट की दर केवल 2021 के लिए है और उन प्रोग्रामों के लिए आवेदन की अवधियों के दौरान इसके लिए या अन्य किसी भी दर राहत कार्यक्रम के लिए फिर से आवेदन करने या अपने आवदेन को नवीनीकृत करना मेरी ज़िम्मेदारी है।**
- **मैं समझता/समझती हूँ कि अपनी गलत जानकारी बताने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप मैं इस साल के लिए प्रोग्राम के लिए अयोग्य हो जाऊँगा/जाऊँगी और मुझे प्राप्त हुए लाभों के लिए वापस भुगतान करना होगा तथा मुझे आगे दीवानी या आपराधिक दंड दिया जा सकता है।**
- **मैं समझता/समझती हूँ कि सिटी, प्रोग्राम के लिए मेरी पात्रता निर्धारित करने के लिए मेरे रिकॉर्डों को ऑडिट करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।**
- **मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मुझे उपयोगी सेवा के लिए राहत प्राप्त होती है और मैं 2020 के लिए घर के सभी सदस्यों की प्रयोग करने योग्य उपलब्ध आय के सभी स्रोतों का खुलासा नहीं करता/करती, तो सिटी उस अवधि के लिए मेरे उपयोगी सेवा बिलों का वास्तविक खर्च वसूल सकती है जब मैं पात्र नहीं था/थी।**

आवेदक के हस्ताक्षर* [redacted] दिनांक: _[redacted]

* यदि आप किसी आवेदक के लिए हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो आपको ऐसा करने का अधिकार देने वाली पावर ऑफ अटार्नी की प्रति प्रदान करनी होगी।

**Office Use Only**
Approved/Disapproved: ____________________________________________ Date: ____________________________
Verified: ________________________________________________________ Date: ____________________________
Old CIS Multiplier Date: ____________________________________ New CIS Multiplier Date: ____________________
CIS Update – Initials: ______________________________________________Verified: __________________________
DISC Update - Initial: ______________________________________________ Verified: _________________________

Application Denied: Over Income Doesn't Qualify Incomplete Paperwork Other: _____________________
Updated CIS Logged Denied Added to 2022 mailing list

Office Notes: